मुंबई पत्तन प्राधिकरण
सुरक्षा प्रबंधन कक्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वाहन चालकों को सूचनाएं:

- अपने वाहन चालन से स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति को आपत्ती / दुर्घटना न हो इसकी खबरदारी लें।
- हमेशा सड़क पर पादचारी, कार्गो, अन्य छोटे वाहनों के लिए सावधानी बरतें।

वाहन शुरू करने से पहले:

- वाहन शुरू करने से पहले वाहन के नीचे देखे, सुनिश्चित करें कि वहां पर कोई व्यक्ति या प्राणी तो नहीं हैं।
- वाहन के बाहरी आइने को इस तरह लगायें कि उसमें पीछे की तरफ से अपना वाहन 35% और सड़क 65% दिखाई दे।
- वाहन के सभी टायर सुस्थिती में रखे, टायर का दाब हर 10-12 दिन में चेक करें।
- वाहन शुरू करने से पहले सभी दरवाजे ठिक से लॉक करें।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
सुरक्षा प्रबंधन कक्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वाहन चलाते समयः

- बिना अनुज्ञप्ती धारक व्यक्ति को वाहन चलाने ना दें।
- चलती गाडी में चढने का प्रयास ना करें या किसी और को चढ़ने ना दें।
- वाहन को दाये बायें मोडने से पहले पीछे से कोई वाहन, सायकिल, स्कूटर, मोटर सायकिल नहीं आ रही है यह सुनिश्चित करें।
- किसी भी तरफ गाडी मोडने से या गाडी रोकने से पहले अन्य वाहनों को 0 सेकंड पहले से इशारा करें।
- वाहन चलाते समय अपना ध्यान बिलबोर्ड, या वाहन में बेठे अन्य व्यक्ति की तरफ सर घुमाकर न देखें।
- वाहन चलाते समय वाहन के दोनों तरफ एवं पीछे की तरफ बारी बारी देखकर सुरक्षित वाहन चालन करें।
- वाहन चलाते समय तथा पेट्रोल पंप पर मोबाईल फोन का उपयोग न करें।
- क्लिनर के इशारे के बिना अपनी गाडी पीछे ना लें।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
सुरक्षा प्रबंधन कक्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गोदी में:

- गोदी में जिस जगह जाना है उसकी जानकारी पहले से ही हासिल करें, ताकि समय की बरबादी, इंधन का अपव्यय तथा गोदी के सड़क पर वाहनों की भीड़ भाड़ को रोक सकें।
- गोदी में अपने वाहन की गती 20 किमी प्रति घंटे तक सिमित रखें।
- गोदी में अंधे मोड पर वाहन धीरे से एवं सावधानीपूर्वक चलायें।
- गोदी के दरवाजे (गेट) पर या बीच सड़क या ऐसी जगह पर अपनी गाडी खड़ी ना करें जिससे अन्य यातायात में बाधा आती हो।
- किनारे पर अपनी गाड़ी पीछे (रिव्हर्स) की तरफ नां चलायें।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
सुरक्षा प्रबंधन कक्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव

माल की ढुलाई:

- माल की ढुलाई के दौरान माल पर तथा माल के आस पास विश्राम ना करें।
- वाहन के बाहर लटकते हुए भार को लाल रंग का कपडा या बत्ती (रात के अंधेरे में) लगाकर दूसरों को सचेत करें।
- गाडी पर रखे माल को कसकर बांधे।
- ट्रेलरपर लम्बे माल जैसे पाईप, अंगल को रखना हो तो दोनो तरफ मजबूत स्टेन्चीऑन (खुंटला) लगायें।
- गाड़ी खड़ी करनी हो तो हैंड ब्रेक कसकर लगाएं, गाड़ी न्यूट्रल में रखें, ढलान पर गाडी खड़ी ना करें।
- वाहन की चाभी कभी भी वाहन में छोड़ कर बाहर ना जायें।